BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date ....26/01/2025.... Page ....10.... Column ....02....

Subject ....बीएमयू में भारतीय संविधान एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सेमिनार

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान करने की शपथ लेते हुए उपस्थितजन।

बाबा मस्तनाथ विवि में भारतीय संविधान एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सेमिनार

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सेमिनार का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी ने मतदान करने की शपथ ली। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने छात्रों को बताया कि भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च कानूनी दस्तावेज है। यह उस ढांचे को निर्धारित करता है जो सरकारी संस्थानों के मौलिक राजनीतिक कोड, संरचना, प्रक्रियाओं, शक्तियों और कर्तव्यों का सीमांकन करता है और मौलिक अधिकारों, निर्देशक सिद्धांतों और नागरिकों के कर्तव्यों को निर्धारित करता है। यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित राष्ट्रीय संविधान है। मुख्य वक्ता डॉक्टर अर्चना सिन्हा पूर्व एडीजे ने बताया कि भारतीय संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर जोर देने वाला दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है। संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने संविधान की संघीय प्रणाली, शक्तियों के विभाजन, स्वतंत्र न्यायपालिका और धर्मनिरपेक्षता की विशेषताओं को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ) विनोद कुमार, डॉ. नेहा, सह-संयोजक डॉ. विनती, डॉ. नवीन कपिल, डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. मनीष दलाल, डॉ. रितु, डॉ. सीमा देवी, डॉ. राजरानी आदि उपस्थित रहे।